हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 9 जून 2026
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

11 सड़क, नाली, पुलिया एवं सीसी रोड निर्माण से नागरिकों ...



10 बीएसपी में बढ़ी लोहा व कोयला चोरी की घटनाएं...



# उर्वरक उपलब्ध कराने प्रशासन का 132 केंद्रों का निरीक्षण, 19 विक्रेताओं को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में गठित जिला स्तरीय उड़नदस्ता (फ्लाइंग स्क्वाड) एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिले के 132 निजी एवं सहकारी कृषि केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया जा चुका है।

निरीक्षण के दौरान स्टॉक संधारण में अनियमितता, मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं करने तथा उर्वरक नियंत्रण संबंधी नियमों के उल्लंघन के मामले पाए जाने पर 19 विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा अवैध भंडारण एवं नियमों की अवहेलना पाए जाने पर एक विक्रय केंद्र से यूरिया उर्वरक जब्त किया गया है। वहीं गंभीर अनियमितता पाए जाने पर 4 विक्रय केंद्रों पर तत्काल प्रभाव से विक्रय प्रतिबंध लगाया गया है तथा 1 कृषि केंद्र का लाइसेंस निलंबित किया गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। यदि कोई भी निजी कृषि केंद्र या सहकारी समिति निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर खाद विक्रय करते, जमाखोरी करते अथवा अमानक उर्वरकों का व्यापार करते पाए जाते हैं, तो उनके विरुद्ध सीधे पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए न्यायालयीन कार्रवाई की जाएगी। किसानों से प्राप्त शिकायतों एवं गोपनीय ▶▶| शेष पेज 10 पर

## अनियमितता पर विक्रय प्रतिबंध, लाइसेंस निलंबन एवं उर्वरक जब्ती की कार्रवाई



### जिले में उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण, किसानों से वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग की अपील

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन द्वारा जिले के लिए 68,300 मीट्रिक टन उर्वरक भंडारण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके विरुद्ध अब तक 48,569 मीट्रिक टन उर्वरक जिले को प्राप्त हो चुका है, जो गत वर्ष के कुल उर्वरक वितरण का लगभग 75 प्रतिशत है। प्राप्त उर्वरकों में से 30,341 मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किसानों को किया जा चुका है, जो कुल लक्ष्य का लगभग 44 प्रतिशत है। डीएपी उर्वरक के संबंध में विभाग ने बताया कि 16,200 मीट्रिक टन लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 5,165 मीट्रिक टन डीएपी का भंडारण सहकारी समितियों एवं विक्रय केंद्रों में किया जा चुका है। यह मात्रा गत वर्ष हुए डीएपी वितरण की तुलना में लगभग 46 प्रतिशत ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### धारदार हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** धारदार हथियार के साथ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया की मुखबिर की सूचना पर कचरा भट्ठी जवाहर नगर के पास राहगीरों को धमकाते हुए हथियार दिखाने वाला घासीदास नगर, जामुल निवासी शेख सलीम को पकड़ा गया है। उसके पास से पुलिस ने धारदार हथियार जब्त किया गया। युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार



**भिलाई।** कुम्हारी पुलिस ने एक आरोपी को अवैध शराब की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि ग्राम सांकरा के पास शराब बेचने की शिकायत मिली थी। पुलिस ने दबिश देकर युवक को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम सांकरा निवासी यादराम साहू बताया है। युवक के पास से पुलिस ने 29 पौवा देशी शोले मसाला शराब बरामद किया है। जिसकी कीमत 3480 रुपए आंकी गई है। युवक को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

### हथियार लेकर धमकाने वाले को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** हथियार लेकर लोगों को धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि दादर रोड पुलिया के पास बिजली खंभे के नीचे धारदार हथियार लेकर युवक लोगो को धमका रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर ग्राम दादर निवासी नितिन कुमार डहरिया उर्फ बंटी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से लोहे का धारदार दांतेदार हथियार पुलिस ने जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### अवैध शराब के साथ युवक पकड़ाया

**भिलाई।** अवैध रूप से शराब बेच रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रानीतराई पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शोगा-जरवाय रोड के पास अवैध रूप से शराब बेच रहा युवक ग्राहक का इंतजार कर रहा था। दबिश देकर आरोपी युवक ग्राम कुम्हली जामगांव निवासी कुलेश्वर साहू को पकड़ा गया। उसके पास से 35 पौवा देशी शोले मसाला शराब बरामद किया। जिसकी कीमत 3,500 रुपये आंकी गई है।

### 15 लाख से अधिक का धान और बारदाना गबन समिति प्रभारी गिरफ्तार

**भिलाई।** सेवा सहकारी समिति मर्यादित रौंदा के आकस्मिक निरीक्षण, भौतिक सत्यापन के जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। मामले में धान और बारदाना कम पाए जाने के मामले में जांच के बाद पुलिस ने समिति के प्रभारी को गिरफ्तार किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि सेवा सहकारी समिति मर्यादित रौंदा में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समिति द्वारा कुल 73,952.80 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया था। सत्यापन में कुल 560.28 क्विंटल धान और 2103 नया बारदाना कम पाया गया। जिसकी कुल कीमत 15 लाख 8 हजार 161 रुपये आंकी गई। जांच प्रतिवेदन के आधार पर धमधा पुलिस ने शिकायत के बाद जांच शुरू किया।

## विरोध : अनावश्यक एटीकेटी और लंबित परिणामों से बढ़ी नाराजगी

# मार्कशीट में गड़बड़ी पर छात्रों का फूटा गुस्सा पीजी कॉलेज के सामने दो घंटे चक्काजाम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ परीक्षा परिणामों में गड़बड़ी का छात्रों ने लगाया आरोप

शासकीय जवाहरलाल नेहरू कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर (पीजी) महाविद्यालय बेमेतरा के छात्रों का गुस्सा सोमवार को उस समय सड़कों पर फूट पड़ा, जब बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने मार्कशीट में कथित गड़बड़ियों, अनावश्यक एटीकेटी और लंबित परीक्षा परिणामों के विरोध में कॉलेज के सामने मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। करीब दो घंटे तक चले इस प्रदर्शन के दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। प्रदर्शनकारी छात्रों का आरोप है कि हाल ही में जारी परीक्षा परिणामों और मार्कशीट में बड़े पैमाने पर त्रुटियां सामने आई हैं। अनेक विद्यार्थियों को बिना किसी स्पष्ट कारण के एटीकेटी दे दी गई है, जबकि कुछ छात्रों को परीक्षा में शामिल होने के बावजूद अनुपस्थित दर्शाया गया है। कई विद्यार्थियों के परिणाम अब तक जारी नहीं किए गए हैं, जिससे उनका शैक्षणिक भविष्य अधर में लटक गया है।

**कॉलेज गेट बंद कर हाईवे पर बैठे छात्र:** सुबह से ही सैकड़ों छात्र-छात्राएं कॉलेज परिसर के बाहर एकत्रित हुए और कॉलेज प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। देखते ही देखते आंदोलन उग्र हो गया और छात्रों ने कॉलेज का मुख्य द्वार बंद कर हाईवे पर धरना दे दिया। प्रदर्शन के चलते ट्रक, बसें और अन्य भारी वाहन लंबे समय तक सड़क पर फंसे रहे। भीषण गर्मी के बावजूद छात्र अपनी मांगों को लेकर डटे रहे।

### जानबूझकर दी जा रही एटीकेटी

प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना था कि उनकी मार्कशीट में गंभीर गड़बड़ियां की गई हैं। कई मेधावी विद्यार्थियों को भी एटीकेटी दे दी गई है। छात्रों ने आरोप लगाया कि शिकायत करने पर कॉलेज प्रशासन उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहा है। एक छात्र ने कहा, हमारी मार्कशीट में जानबूझकर गड़बड़ी की गई है। कई होनहार छात्रों को एटीकेटी दे दी गई है। जब हम कॉलेज प्रशासन के पास जाते हैं तो कोई सुनवाई नहीं होती। जब तक हमारी मांगों का समाधान नहीं होगा, आंदोलन जारी रहेगा।

**कुलपति और प्राचार्य के नाम सौंपा ज्ञापन:** छात्रों ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलपति और कॉलेज प्राचार्य के नाम ज्ञापन सौंपते हुए परीक्षा ▶▶| शेष पेज 10 पर

### किसान-मजदूर परिवारों के छात्रों पर पड़ रहा असर

आंदोलन में शामिल विद्यार्थियों ने कहा कि अधिकांश छात्र किसान, मजदूर और सामान्य परिवारों से आते हैं। परिणामों में गड़बड़ियों के कारण उन्हें बार-बार विश्वविद्यालय और विभिन्न कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे आर्थिक और मानसिक परेशानी बढ़ रही है। छात्रों ने समस्याओं के समाधान के लिए समयबद्ध कार्ययोजना जारी करने की मांग भी उठाई।

### प्रशासन और पुलिस ने संभाला मोर्चा

हाईवे जाम की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने छात्र प्रतिनिधियों से चर्चा कर उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। काफी देर तक चली बातचीत और समझाइश के बाद छात्रों ने आंदोलन समाप्त किया, जिसके बाद यातायात धीरे-धीरे सामान्य हो सका। **समाधान नहीं हुआ तो फिर होगा आंदोलन:** छात्र नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि परीक्षा परिणामों और ▶▶| शेष पेज 10 पर

## श्मशान भूमि विवाद

# नवागढ़ में प्रशासन ने चलाया बुलडोजर, तीन दुकानें ध्वस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

नवागढ़-बेमेतरा मार्ग पर ग्राम छीतापार की सीमा में स्थित विवादित भूमि पर सोमवार को प्रशासन ने बेदखली की कार्रवाई करते हुए तीन दुकानों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। सुबह से शुरू हुई कार्रवाई देर शाम तक चली। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए मौके पर पुलिस बल और प्रशासनिक अमला तैनात रहा।

जानकारी के अनुसार नवागढ़ तहसीलदार द्वारा 5 जून को जारी बेदखली नोटिस में संबंधित पक्षों को निर्धारित समयावधि के भीतर भूमि से कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए थे। नोटिस की अवधि समाप्त होने के बाद राजस्व विभाग ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

### जमीन से ज्यादा दस्तावेजों पर छिड़ी बहस

कार्रवाई के बाद अब चर्चा केवल बेदखली की नहीं, बल्कि उस भूमि के राजस्व रिकॉर्ड और वर्षों तक चली खरीदी-बिक्री प्रक्रिया की हो रही है। प्रभावित पक्षों का कहना है कि उन्होंने वैध दस्तावेजों और राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर जमीन खरीदी थी। ऐसे में यदि भूमि श्मशान अथवा सार्वजनिक उपयोग की श्रेणी में थी तो वर्षों तक नामांतरण, रिकॉर्ड सुधार और खरीदी-बिक्री की प्रक्रिया कैसे चलती रही। उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार वर्ष 2017 से 2022 के बीच इस भूमि के विभिन्न हिस्सों की कई बार खरीदी-बिक्री हुई। इस दौरान नामांतरण, राजस्व अभिलेखों में प्रविष्टियां तथा अन्य प्रक्रियाएं भी पूरी की गईं। इसी आधार पर प्रभावित पक्ष प्रशासनिक प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे हैं। कार्रवाई से प्रभावित लोगों का कहना है कि उनके पास पुराने राजस्व रिकॉर्ड और दस्तावेज उपलब्ध हैं, जिन्हें वे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। उनका दावा है कि जमीन ▶▶| शेष पेज 10 पर

# जलसंकट से जूझ रहे 9 ग्राम पंचायतों को मिली बड़ी राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ जिपं अध्यक्ष कल्पना ने 15वें वित्त आयोग मद से वितरित किए पानी टैंकर

भीषण गर्मी और पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीण क्षेत्रों के लिए राहतभरी खबर है। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने 15वें वित्त आयोग की राशि से जिले की 9 ग्राम पंचायतों को पानी टैंकर प्रदान किए हैं। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करना तथा गर्मी के मौसम में जल संकट से प्रभावित लोगों को समय पर राहत उपलब्ध कराना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बेरलाकला, बोरिया, लाटा, गोंड़गिरी, गुधेली, खंगारपाठ, सिलघट (भिंभौरी), कण्डरका एवं बीजभाट ग्राम पंचायतों को पानी टैंकर उपलब्ध कराए गए हैं। इन पंचायतों में लंबे समय से गर्मी के दौरान पेयजल की समस्या बनी रहती है, जिसके समाधान के लिए टैंकरों की मांग की जा रही थी।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि "पानी जीवन का आधार है और प्रत्येक व्यक्ति तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है।" उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती गर्मी और गिरते जलस्तर के कारण कई ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। ऐसे समय में पानी टैंकर ग्रामीणों तक राहत पहुंचाने का प्रभावी माध्यम साबित होंगे। उन्होंने बताया कि इन टैंकरों के माध्यम से गांवों के विभिन्न वार्डों, दूरस्थ बस्तियों और जल संकट प्रभावित इलाकों में नियमित रूप से पेयजल पहुंचाया जा सकेगा। इससे विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को पानी के लिए लंबी दूरी तय करने की परेशानी से राहत मिलेगी। साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों में भी इनका उपयोग जनहित में किया जा सकेगा। जिला पंचायत अध्यक्ष ने पंचायत प्रतिनिधियों को निर्देश देते हुए कहा कि पानी टैंकरों का उपयोग केवल संबंधित ग्राम पंचायतों तक सीमित न रखा जाए, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर आसपास के जल संकट प्रभावित गांवों और आश्रित बस्तियों में भी पेयजल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि यह संसाधन पूरे क्षेत्र की जनता के हित में हैं और किसी भी गांव को पानी की समस्या से जूझने नहीं दिया जाना चाहिए। उन्होंने ग्राम पंचायतों से आपसी समन्वय और सहयोग की भावना के साथ कार्य करने की अपील ▶▶| शेष पेज 10 पर

### जमीन के नाम पर फर्जीवाड़ा, गिरफ्तार

**भिलाई।** जमीन का फर्जीवाड़ा करने वाले आकोपी को पाटन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ग्राम कुम्हली से पुलिस में शिकायत की गई थी कि बड़ा भाई वार्ड 10 साईं मंदिर रोड, महादेवघाट, डीडी नगर रायपुर निवासी ईश्वर दास ने अपने सगे भाई जो भारतीय सेना में पदस्थ हैं। उसके जगह पर दूसरे व्यक्ति को पेश कर कुम्हली स्थित संयुक्त नाम की कृषि भूमि को बेच दिया। विवेचना के दौरान आरोपी ईश्वर दास की फर्जीवाड़ा में शामिल होना प्रमाणित होने पर तलाश की गई। सूचना पर ईश्वर को पकड़ा गया। उसे न्यायालय में पेश कर रिमांड लिया गया। आरोपी से दस्तावेज और अन्य साक्ष्य जब्त किए गए।

# शासकीय भूमि पर कब्जे और जनसमस्याओं के निराकरण में देरी पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

■ एसडीएम ने जांच के बाद कार्रवाई का दिया आश्वासन



प्रदेश में सुशासन तिहार के माध्यम से मुख्यमंत्री साय एवं मंत्री लगातार जनता के बीच पहुंचकर समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दे रहे हैं।

इसके बावजूद स्थानीय स्तर पर कई जनसमस्याएं अब भी लंबित होने से लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।नगर में शासकीय भूमि पर कथित अतिक्रमण और अवैध खरीदी- बिक्री का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 14 स्थित खसरा नंबर 720 की शासकीय भूमि पर कब्जा कर खरीदी-बिक्री किए जाने की शिकायत कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार तथा राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से की गई है। शिकायत के बाद संबंधित पटवारी को जांच के निर्देश तो दिए गए, लेकिन अब तक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं होने से कार्रवाई अधर में लटकी हुई है। इसी प्रकार गौठान भूमि पर भी कथित रूप से भू-माफियाओं द्वारा कब्जा किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रभावी कार्रवाई की आवश्यकता है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं का आरोप है कि संबंधित अधिकारी जनप्रतिनिधियों के फोन तक नहीं उठाते और शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेते। उनका कहना है कि भाजपा सरकार के गठन को ढाई वर्ष होने जा रहे हैं, लेकिन कई विभागों में अधिकारियों की कार्यप्रणाली में अपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा है। कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया ▶▶| शेष पेज 10 पर

## आवास और रोजगार दिवस का भी हुआ आयोजन

# मनरेगा कार्यस्थल से स्वच्छता और जनजागरुकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जनपद पंचायत साजा अंतर्गत ग्राम पंचायत तेंदुआ में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों एवं मनरेगा श्रमिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं, स्वच्छता प्रबंधन तथा उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। अभियान के तहत मनरेगा योजना अंतर्गत गांव के अंतिम छोर पर स्थित बादी नार तालाब गहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया।

कार्यस्थल पर पहुंचे जिला समन्वयक ने श्रमिकों से संवाद करते हुए उन्हें श्रमिक अधिकारों, रोजगार संबंधी प्रावधानों तथा देश के विभिन्न कानूनों एवं न्यायिक व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस दौरान श्रमिकों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं श्रमिकों को नवीन स्वच्छता प्रावधानों तथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी गई। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत ग्रामीणों को बताया गया कि कचरे का उचित पृथक्करण और वैज्ञानिक प्रबंधन स्वच्छ एवं स्वस्थ ग्राम निर्माण की आधारशिला है। उन्हें गीला कचरा, सूखा कचरा, सेनेटरी कचरा एवं विशेष देखभाल (डोमेस्टिक हैजार्डस) कचरा को अलग-अलग संग्रहित एवं निपटान करने की प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही घर-घर कचरा पृथक्करण, कम्पोस्ट निर्माण, पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) तथा संसाधनों के पुनः उपयोग के लाभों पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर जिले में संचालित "प्लास्टिक हटाओ–स्वच्छ गांव बनाओ" विशेष अभियान की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। उन्हें प्लास्टिक के उपयोग को पूरी तरह त्यागने, कपड़े एवं जूट के थैलों का उपयोग बढ़ाने तथा पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। पंचायत स्तर पर स्वच्छता व्यवस्था के संचालन हेतु यूजर चार्ज के महत्व एवं सामुदायिक सहभागिता की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान आवास दिवस एवं रोजगार दिवस का आयोजन भी किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के ऐसे हितग्राहियों, जिनके आवास निर्माण कार्य अपूर्ण हैं, उन्हें शीघ्र निर्माण पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया गया।

अभियान के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों, रोजगार सहायकों, स्वच्छता दीदियों, स्व-सहायता समूहों, युवा मंडलों, मनरेगा श्रमिकों एवं ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। सभी ने ▶▶| शेष पेज 10 पर

# जिले में 217 नील हरित काई टांके तैयार, नाइट्रोजन की कमी होगी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

जिले में इस बार किसानों को जैविक खाद इस्तेमाल करने के लिए नया प्रयोग हो रहा है। नील हरित काई (ब्लू ग्रीन एल्गी-बीजीए) तैयार कर इसका उपयोग फसलों के लिए किया जा सकेगा। इसके लिए जिले में 217 नील हरित काई टांका का निर्माण करवाया गया है। किसानों को नील हरित काई कैसे बनाना है इसका बकायादा प्रशिक्षण भी दिया जाने लगा है। कम खर्च में किसान अपनी फसलों को हरित काई के जरिए भरपूर नाइट्रोजन दे सकता है और रसायनिक खाद पर निर्भरता को कम किया जा सकता है। इस खरीफ सीजन में धान उत्पादक किसानों की आय बढ़ाने, खेती की लागत कम करने और मृदा स्वास्थ्य सुधारने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा जिले में नील-हरित काई का उत्पादन एवं उपयोग हेतु प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है।

## घर या खेत में तैयार कर सकते है हरी काई

किसान नील हरित काई की स्वयं अपने घर में या खेत में तैयार कर सकता है। इसके लिए जमीन पर 2 मीटर लंबी, 1-1.5 मीटर चौड़ी और 9 इंच गहरी एक क्यारी या गड्ढा (टांका) बनाकर, पानी के रिसाव को रोकने के लिए उसमें अच्छी क्वालिटी की मोटी प्लास्टिक (पॉलीथिन) शीट बिछाई जाती है। इसके बाद टांकें में 25 से 30 किलोग्राम साफ छनी हुई उपजाऊ मिट्टी फैलाते हैं। उसमें 200-250 ग्राम बुझा हुआ चूना और 200 ग्राम सिंगल सुपर फास्फेट प्रति वर्गमीटर के हिसाब से छिड़क कर 6 इंच पानी भर दिया जाता है। पानी स्थिर होने के बाद इसमें 100 ग्राम प्रति वर्गमीटर के हिसाब से नील हरित शैवाल का 'मदर कल्चर' समान रूप से छिड़का जाता है। यह तेज धूप में मात्र 10 से 12 दिनों के भीतर पानी की सतह पर शैवाल की मोटी नीली-हरी परत तैरने लगती है। पानी सूखने पर पपड़ी के रूप में इकट्ठा कर लिया जाता है।

## काई के इस्तेमाल से मिलेगा भरपूर नाइट्रोजन

### हरी काई का कर सकेंगे इस्तेमाल

कृषि वैज्ञानिकों के मुताबिक धान की रोपाई (या बियासी) के लगभग 7 दिन बाद, जब खेत में 2 से 3 इंच पानी भरा हो, तब प्रति एकड़ 4 किलोग्राम नील-हरित काई के सूखे पाउडर को बारीक मिट्टी या रेत में मिलाकर पूरे खेत में समान रूप से छिड़काव करना चाहिए और कम से कम 5-6 दिनों तक खेत में पानी भरा रहने देना चाहिए। इसके उपयोग से प्रति एकड़ लगभग 20 से 25 किलोग्राम यूरिया के बराबर नत्रजन की पूर्ति होती है और धान की उपज में 10 से 15 प्रतिशत तक की वृद्धि प्राप्त की जा सकती है। मिट्टी की जल धारण क्षमता मजबूत होती है जिसका लाभ धान के बाद ली जाने वाली रबी फसलों (जैसे-चना, तिवड़ा) को भी मिलता है।



### मदर कल्चर भी दे रहा कृषि विभाग

नील हरित काई तैयार करने और इसके लिए टांका निर्माण करने के लिए किसान कृषि विभाग से संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी या मदर कल्चर की उपलब्धता के लिए किसान मित्र, क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी या कृषि कार्यालय में भी पूरा ब्योरा है। किसान रासायनिक खादों का अंधाधुंध प्रयोग कम करें और इस पर्यावरण-अनुकूल जैविक खाद को अपनाएं। **-संदीप कुमार भोई,** उप संचालक कृषि

## खबर संक्षेप



### दिल्ली के युवा प्रतिनिधिमंडल ने किया संयंत्र भ्रमण

**भिलाई।** दिल्ली से आए 6 सदस्यीय युवा प्रतिनिधिमंडल ने भिलाई इस्पात संयंत्र का भ्रमण किया। देश की औद्योगिक एवं तकनीकी प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। आईआईटी भिलाई ने छग के नोडल उच्च शिक्षण संस्थान के रूप में भूमिका निभाई। प्रतिभागियों को औद्योगिक सुरक्षा, कार्यस्थल सावधानियों तथा संयंत्र भ्रमण के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा मानकों की जानकारी प्रदान की गई। सुरक्षा उन्मुखीकरण सत्र के उपरांत प्रतिनिधिमंडल ने संयंत्र की विभिन्न उत्पादन इकाइयों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विशेषज्ञ अधिकारियों द्वारा प्रतिभागियों को इस्पात निर्माण की आधुनिक प्रक्रियाओं, भारी इंजीनियरिंग, धातुकर्म तकनीकों तथा उत्पादन प्रणाली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। युवाओं ने बड़े पैमाने पर संचालित इस्पात उत्पादन गतिविधियों, आधुनिक तकनीकी प्रणालियों तथा राष्ट्रीय आधारभूत संरचना निर्माण में भिलाई इस्पात संयंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका को निकट से समझा। भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों ने रोजगार के अवसरों तथा भविष्य की प्रौद्योगिकियों से संबंधित विषयों पर जानकारी प्राप्त की।

### एक्सपांशन बिल्डिंग में पौधारोपण



**भिलाई।** पर्यावरण दिवस पर सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के परियोजना विभाग द्वारा एक्सपेंशन बिल्डिंग परिसर में तथा दूसरा संयंत्र के परिचालन क्षेत्रों में पौधारोपण किया गया। इस पहल का उद्देश्य परिसर के सौंदर्यीकरण के साथ ग्रीन बफर तैयार करने के साथ आसपास पर्यावरणीय परिस्थितियों को और बेहतर बनाया जाएगा। सीजीएम अनुराग उपाध्याय, मानस कुमार गुप्ता, राधिका श्रीनिवासन, महाप्रबंधक (परियोजनाएं) श्री टी. डी. वेंकटरमन आदि ने सहभागिता निभाई।

## बीएसपी में लगे हैं सैकड़ों सीसी कैमरे व सीआईएसएफ जवानों की तैनाती


# बीएसपी में बढ़ी लोहा व कोयला चोरी की घटनाएं जिम्मेदार एजेंसियों की मिलीभगत पर सवाल

**यूनियनों सुरक्षा में लापरवाही तो जन प्रतिनिधियो ने सेंट्रल विजिलेंस से सीबाई जांच की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

निजीकरण के दौर से गुजर रहे भिलाई इस्पात संयंत्र में पिछले कुछ समय से चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। इन घटनाओं ने सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। संयंत्र में लोहे और कोयले की चोरी से सेल को करोड़ों रुपए का फटका लग रहा है। यूनियनों और जनप्रतिनिधियों के अनुसार संयंत्र में चोरी की लगातार घटनाएं बिना मिलीभगत के संभव नहीं है। सीधे सेल चेयरमेन और इस्पात मंत्री सहित सतर्कता आयोग से इसकी जांच की मांग की गई है।

देश के सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न कंपनी सेल की सबसे बड़ी यूनिट भिलाई इस्पात संयंत्र में लोहे के सामानों, स्क्रैप और आस्ट्रेलियन कोक आदि की चोरियां बढ़ रही हैं। पिछले पखवाड़ेभर के दौरान संयंत्र में चोरी की तीन वारदातें हो चुकी है। चार दिन पूर्व औद्योगिक क्षेत्र के एक उद्योग में लगभग दो हजार करोड़ के संयंत्र के स्क्रैप के चोरी के साथ पुलिस ने आठ संदिग्धों को गिरफ्ता किया है। इसके बाद दुर्ग के एक गोदाम में लाखों के आस्ट्रेलियन कोक के साथ फैक्ट्री मालिक को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद पुलिस ने शुक्रवार को खुर्सीपार में फर्जी जीएसटी बिल के साथ तीन लाख का पांच टन कोयला के साथ तीन लोगों को पकड़ा। इसके पूर्व भी भट्टी पुलिस कई टन लोहा चोरी के मामलों कोज दर्ज कर चुकी है। इस तरह लगातार चोरी की बढ़ती घटनाओं के लिए सुरक्षा में सेंधमारी और और लापरवाही के साथ मिलीभगत के लिए सीधे तौर पर बीएसपी से जुड़े रैकेट की संलिप्तता और प्रबंधन को कठघरें में खड़ा किया जा रहा है। यूनियनों व जन प्रतिनिधि सवाल उठा रहे हैं कि करोड़ों रुपए की सुरक्षा और सेफ्टी जागरुकता में करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी चोर की घटनाएं आखिर प्रबंधन रोक क्यों नहीं पा रहा है। संयंत्र के हर विभाग और यार्ड से लेकर सभी गेटों पर सैकड़ों सीसी कैमरे और सीआईएसएफ जवानों व अफसरों की तैनाती होती है। प्लांट के अंदर वीटीएस सिस्टम भी लगा हुआ है। आने वाले के गेटपास व वाहनों की प्रवेश व निकासी के दौरान जांच होती है। इसकी जानकारी विभाग प्रमुखों को दी जाती है। फिर चोरी क्यों व कैसे हो रही है। सवाल यह भी उठाया जा रहा है कि बीएसपी के निजीकरण की प्रक्रिया बढ़ने के साथ बढ़ रहीं चोरी की घटनाओं की वजह क्या है।



### तय हो जिम्मेदारों की जवाबदेही तय

सीटू यूनियन ने सेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को पत्र भेजकर चोरी के लिए अधिकारियों व सीआईएसएफ की जवाबदेही तय करने की मांग की है। बताया है कि 3 हजार करोड़ से अधिक मूल्य की चोरी और अनियमितताओं के मामले सामने आ रहे है। इससे यह गंभीर प्रश्न उठता है कि कंपनी की संपत्तियों और संसाधनों की सुरक्षा व्यवस्था कितनी प्रभावी है। यदि इतनी बड़ी मात्रा में चोरी पकड़ी जा सकती है, तो यह भी संभव है कि कई अन्य मामलों का अभी तक पता न चला हो। संयंत्र की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआईएसएफ की है। संयंत्र से इतनी बड़ी चोरी का सामान गेटों से बाहर निकल गया लेकिन अभी तक सीआईएसएफ की जवाबदेही तय नहीं हो पाई है।

### सुरक्षा व मिलीभगत पर सवाल

बीएसपी में लगातार करोड़ों की संपत्ति की चोरी के बाद भी जिम्मेदारों की चुप्पी और जांच नहीं होने से कई सवाल उठाए जा रहे हैं। अब चोरी की जांच सीबीआई से कराने की मांग की जा रही है। पूर्व राज्य मंत्री बीडी कुरैशी ने इस्पात मंत्री व श्रम मंत्री सहित सेंट्रल विजिलेंस ब्यूरो को पत्र भेजकर जांच कराने व जिम्मेदारी तय करने की मांग की है। कुरैशी के मुताबिक संयंत्र में फ्लू डस्ट की आड़ में लोहे की प्लेट और बीम जब्त की गई। प्लांट में फ्लू डस्ट व स्क्रैप यार्ड दोनों विपरीत दिशा में हैं। प्लांट के अंदर व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम लगा होने के कारण से वाहनों ट्रैक से हटना बिना बीएसपी प्रबंधन के सहयोग के बिना संभव नहीं है। लौह सामग्री चोरी को लेकर प्रबंधन अब तक गंभीर नहीं है। चोरी की घटनाएं सुरक्षा में लापरवाही के साथ सीआईएसएफ, अधिकारियों व उद्योगों के लोगों की मिलीभगत के बिना संभव नहीं है। इसकी जांच सीबीआई से करवाने की मांग की गई है।

## 160 एमवीए का पावर ट्रांसफॉर्मर शुरू लोगों को लो वोल्टेज से मिलेगी मुक्ति



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड सीएसपीटीसीएल ने भिलाई में 160 एमवीए क्षमता के पावर ट्रांसफॉर्मर की स्थापना की है। इसे कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने बटन दबाकर शुरू किया।

इस अवसर पर प्रबंध निदेशक शुक्ला ने कहा कि सीएसपीटीसीएल राज्य की विद्युत पारेषण प्रणाली को आधुनिक, सुदृढ़ और विश्वसनीय बनाने के लिए निरंतर कार्यरत है तथा उपभोक्ताओं को निर्बाध व गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय है कि उपकेंद्र की क्षमता वृद्धि योजना के अंतर्गत पूर्व स्थापित 125 एमवीए पावर ट्रांसफॉर्मर की क्षमता को बढ़ाकर 160 एमवीए किया गया है। इस क्षमता वृद्धि से भिलाई और आसपास के औद्योगिक, वाणिज्यिक तथा घरेलू उपभोक्ताओं को अधिक विश्वसनीय व गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। परियोजना के पूर्ण होने से राजधनी रायपुर सहित दुर्ग, भिलाई, गुरूर, बालोद तथा आसपास के क्षेत्रों में बढ़ती विद्युत मांग की पूर्ति करने में सहायता मिलेगी। साथ ही विद्युत तंत्र की विश्वसनीयता में वृद्धि, वोल्टेज प्रोफाइल में सुधार तथा पारेषण तंत्र पर भार के बेहतर वितरण के कारण ओवरलोडिंग की संभावनाओं में भी कमी आएगी। इस अवसर पर मुख्य अभियंता सब-स्टेशन अब्राहम वर्गीज, मुख्य अभियंता सिविल संजय तिवारी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता आरके तिवारी आदि उपस्थित थे।

■ सीएसपीटीसीएल के प्रबंध निदेशक ने किया उद्घाटन

### भिलाई महिला समाज ने रोंपे पौधे



**भिलाई।** भिलाई महिला समाज द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस दौरान एरेका पाम, आंवला, शहतूत (मलबरी), कनेर, गुड़हल तथा बेल सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। समाज की उपाध्यक्ष पूनम कुमार व विभा कुमार विशेष अतिथि थीं। सचिव सोनाली रथ, सह सचिव चैती पाल, कोषाध्यक्ष शिखा जैन, रीता तिवारी आदि उपस्थित थीं।

## स्क्रैप बताकर कार दूसरे को बेचा, न्यायालय के आदेश पर कारोबारी के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

पुरानी कार बेचने के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। जांच में सामने आया कि जिस कार को स्क्रैप में दिए जाने की बात कही गई थी। उसे कथित रूप से अन्य व्यक्ति को बेच दिया गया।

न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि पदमनाभपुर निवासी हितेश दुलानी ने न्यायालय में परिवाद दयार किया था। जिसमें उनके भाई पंकज दुलानी के नाम पर पंजीकृत कार क्रमांक सीजी-10 बीसी 1345 को रायपुर स्थित शिवाय मोटर्स के संचालक संजय पटेल बिक्री के लिए ले गए थे। वाहन पूरी तरह चालू हालत में था और सभी दस्तावेज भी उपलब्ध थे। परिवार को उम्मीद थी कि वाहन बिकने के बाद राशि मिल जाएगी, लेकिन लंबे समय तक उन्हें न तो कोई भुगतान मिला और न ही वाहन की स्थिति की जानकारी दी गई। शिकायतकर्ता के मुताबिक जब भी वाहन के बारे में जानकारी मांगी गई, उन्हें यही बताया गया कि अभी ग्राहक नहीं मिला है। आरोप है कि कारोबारी लगातार आश्वासन देकर मामले को टालता रहा। महीने गुजर जाने के बाद भी वाहन न तो वापस मिला और न ही उसके बारे में कोई दस्तावेज उपलब्ध कराया गया। हितेश दुलानी के मुताबिक उन्हें पता चला कि जुलाई 2023 में वाहन को कार 24 के माध्यम से करीब 25,230 रुपये में स्क्रैप के लिए दिया गया था। हालांकि वाहन का स्क्रैप प्रमाण पत्र, चेसिस प्लेट और अन्य जरूरी दस्तावेज परिवार को नहीं दिए गए। इस दौरान पुलिस कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित हितेश दुलानी ने परिवाद दायर किया था।

■ पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र की घटना

■ पुलिस की कार्रवाई नही होने पर किया था परिवाद दायर

## आयुक्त के साथ लोगों ने पेड़ लगाने दी भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से नेहरू नगर स्थित मधुकामिनी गार्डन में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए तथा नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

सर्वप्रथम आयुक्त ने सेक्टर 09 हास्पिटल सेक्टर उद्यान के समीप पहुंचे, वहां सर्वधर्म सेवा संस्थान के माध्यम से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। समिति और स्कूली बच्चों को पर्यावरण को हरा-भरा रखने एवं उसे संरक्षित करने संबंधी जानकारी दी गई। निगम आयुक्त महोदय द्वारा पौधारोपण भी किया गया। जहां ड्रोन के माध्यम से सीड बॉल गिराया गया जिसका मुख्य लक्ष्य शहर में हरियाली में वृद्धि करना है। पौधा रोपण कार्यक्रम में आयुक्त ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इसके पश्चात मधु कामिनी उद्यान नेहरू नगर पूर्व में वृक्षारोपण किया गया। निगम आयुक्त ने कहा है बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनका संरक्षण करना जरूरी है। उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, समाजसेवी एवं नागरिकों से अपने आसपास हरियाली बढ़ाने और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। इस दौरान निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विभिन्न छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए, जिससे क्षेत्र में हरित वातावरण को बढ़ावा मिल सके। पौधा रोपण कार्यक्रम के तहत अपर आयुक्त राजेन्द्र कुमार दोहरे, जोन आयुक्त अजय गौर, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू, सहायक अभियंता श्वेता माहेश्वर, उप अभियंता शंकर सुमन मरकाम, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के.सिंह, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे, शंकर सहानी, सेवानिवृत्ति सीएसपी वी सतपति, वी एन पांडे, प्रतीक भोय आदि उपस्थित थे।



## पट्टाविहीन परिवारों का वर्षों पुराना सपना होगा साकार, अब मिलेगा मालिकाना हक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

छत्तीसगढ़ शासन की जनहितैषी मंशा के अनुरूप नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के उन हजारों परिवारों को बड़ी राहत मिलने जा रही है, जो वर्षों से शासकीय भूमि पर निवास कर रहे हैं, लेकिन उनके पास भूमि का वैध स्वामित्व नहीं है। अब ऐसे पात्र पट्टाविहीन परिवारों को शासन द्वारा मालिकाना हक प्रदान किया जाएगा। नगर निगम भिलाई के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, भिलाई नगर के पूर्व विधायक और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय, दुर्ग सांसद विजय बघेल तथा वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के सतत प्रयासों व छत्तीसगढ़ शासन की संवेदनशील सोच के परिणामस्वरूप यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। सिन्हा ने बताया कि आवासहीन व्यक्ति पट्टा अधिकार अधिनियम-2023 के अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में शासकीय भूमि पर 20 अगस्त 2017 के पूर्व से निवासरत परिवारों को इस योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए नगर निगम भिलाई के सभी वार्डों में व्यापक सर्वे अभियान चलाया जाएगा, जिसके माध्यम से पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें स्थायी पट्टा प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पट्टा प्राप्त होने के बाद गरीब एवं भूमिहीन परिवारों को न केवल अपनी भूमि पर वैधानिक अधिकार मिलेगा, बल्कि वे प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही बैंक से ऋण लेकर अपने कच्चे मकानों को पक्का बनाने और अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने का मार्ग भी प्रशस्त होगा। नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने निगम क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सर्वे दल को सही एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं तथा पात्र परिवारों की पहचान में सहयोग करें, ताकि शासन की इस ऐतिहासिक और जनकल्याणकारी योजना का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंच सके।



### ट्रैफिक पुलिस ने नशे में वाहन चलाने वालों पर की कार्रवाई

**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर नशे की हालत में वाहन चलाने वाले 15 चालको पर कार्रवाई किया है। इस दौरान न्यायालय दुर्ग ने चालको के खिलाफ 12-15 हजार रुपए का अर्थदंड किया है। वाहन जांच के दौरान संदिग्ध वाहनों की डिक्की अन्य आवश्यक बिंदुओं की भी जांच कर सुरक्षा व्यवस्था अुडेट किया। सड़क हादसों में कमी लाने और आम नागरिकों की सुरक्षा बेहतर करने के उद्देश्य से पुलिस जिले भर में विशेष अभियान चला रही है। 6 जून की रात 10 से 1 बजे तक जिले के सभी अनुविभागीय क्षेत्रों में फिक्स पाइंट स्थापित कर वाहन जांच अभियान संचालित किया। ट्रैफिक पुलिस एवं थाना पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा ब्रिथ एनालाइजर मशीन के माध्यम से वाहन चालकों की जांच की गई।

### उर्वरक उपलब्ध कराने ...

सूचनाओं पर बिना पूर्व सूचना के तत्काल छापेमारी की जाएगी। किसानों से अपील जिला प्रशासन ने जिले के सभी किसान भाइयों से अपील की है कि उर्वरक खरीदते समय विक्रेता से अनिवार्य रूप से पक्का बिल प्राप्त करें। यदि कोई दुकानदार निर्धारित दर से अधिक राशि की मांग करता है, खाद की कृत्रिम कमी बताकर जमाखोरी करता है अथवा किसी प्रकार की अनियमितता करता है, तो इसकी सूचना तत्काल अपने निकटतम कृषि अधिकारी या उड़नदस्ता टीम को दें। प्रशासन किसानों के हितों की रक्षा एवं उन्हें समय पर गुणवत्तायुक्त कृषि आदान उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उड़नदस्ता टीम में डॉ. श्याम लाल साहू उर्वरक निरीक्षक एवं नोडल अधिकारी, दिनेश कुमार धुर्वे, देवानंद देवांगन, राकेश कुमार चतुर्वेदी, दीपक कुमार साहू तथा कुलेश्वर सिन्हा सहित कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हैं, जो जिलेभर में सतत निगरानी एवं निरीक्षण की कार्रवाई कर रहे हैं।

### जिले में उर्वरकों का पर्याप्त ...

है। डीएपी के अतिरिक्त जिले को अब तक 7,901 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट (एसएसपी) तथा 6,279 मीट्रिक टन एनपीके उर्वरक प्राप्त हो चुका है। सिंगल सुपर फास्फेट की उपलब्धता लक्ष्य के विरुद्ध 143 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है, जिससे जिले में फास्फेटिक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है।

### मार्कशीट में गड़बड़ी ....

परिणामों में हुई त्रुटियों, गलत यूएफएम (अनुचित साधन) कार्रवाई, अनावश्यक एटीकेटी, लंबित परिणामों तथा तकनीकी खामियों के शीघ्र निराकरण की मांग की। ज्ञापन में सभी एटीकेटी मामलों की निःशुल्क पुनः जांच, लंबित परिणामों की तत्काल घोषणा, यूएफएम

## पेज 9 के शेष

मामलों की निष्पक्ष समीक्षा तथा विद्यार्थियों से अतिरिक्त शुल्क नहीं लेने की मांग भी शामिल है।

### प्रशासन और पुलिस ...

एटीकेटी संबंधी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में आंदोलन और तेज किया जाएगा। फिलहाल छात्र प्रशासन से लिखित आश्वासन और ठोस कार्रवाई की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

### नवागढ़ में प्रशासन ...

की खरीदी के समय उपलब्ध अभिलेखों में भूमि की स्थिति अलग थी और बाद के वर्षों में रिकॉर्ड में परिवर्तन हुए। प्रभावित पक्ष का यह भी कहना है कि यदि किसी स्तर पर त्रुटि हुई है तो उसकी जांच पूरी प्रक्रिया के संदर्भ में होनी चाहिए, ताकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। उन्होंने न्यायपालिका पर भरोसा जताते हुए कहा कि अदालत के समक्ष सभी तथ्य रखे जाएंगे। बेदखली कार्रवाई के खिलाफ संबंधित पक्षों ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की शरण ली है।

### शासकीय भूमि ...

कि संगठन स्तर पर कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनने और उनके सुझावों पर चर्चा करने के लिए नियमित बैठकें नहीं हो रही हैं। उनका मानना है कि सरकार और संगठन को जमीनी कार्यकर्ताओं की अपेक्षाओं तथा जनसमस्याओं के निराकरण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र के लोगों का मानना है कि जनसमस्याओं का समय पर समाधान और प्रशासनिक जवाबदेही किसी भी सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। यदि शिकायतों और अतिक्रमण जैसे मामलों में समयबद्ध कार्रवाई नहीं होती है, तो जनता में असंतोष बढ़ सकता है। हालांकि इस संबंध में एसडीएम पिंकी मनहर ने कहा कि शिकायत की जानकारी प्राप्त हुई है तथा उन्होंने तहसीलदार को जांच के निर्देश दे दिए हैं। उन्होंने बताया कि मामले की जांच कर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### जल संकट से जूझ ....

करते हुए कहा कि जहां भी पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न हो, वहां तत्काल राहत पहुंचाने का प्रयास किया जाए। कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य कर रही है। शासन की प्राथमिकता है कि विकास और जनकल्याण की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे तथा कोई भी क्षेत्र मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे। इस दौरान ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने जिला पंचायत अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पानी टैंकरों की उपलब्धता से गर्मी के मौसम में पेयजल संकट से काफी हद तक राहत मिलेगी और जरूरतमंद परिवारों तक समय पर पानी पहुंचाना संभव हो सकेगा।

### मनरेगा कार्यस्थल से ...

सामूहिक रूप से अपने गांव को स्वच्छ, सुंदर, प्लास्टिक मुक्त, जल-संरक्षित एवं आत्मनिर्भर ग्राम बनाने का संकल्प लिया। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छता, कचरा पृथक्करण, प्लास्टिक उन्मूलन एवं जल संरक्षण जैसे जनहितकारी अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाकर स्वस्थ, स्वच्छ एवं पर्यावरण-अनुकूल बेमेतरा के निर्माण में अपना योगदान दें।

## सशक्त संगठन और समर्पित कार्यकर्ता भाजपा का मूल आधार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई के वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत कैम्प और वैशाली नगर मंडल में संगठनात्मक बैठकों का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों, बूथ सशक्तिकरण, सदस्यता विस्तार तथा आगामी नगरीय निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रभारी रामजी भारती, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन और भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन उपस्थित थे। जिला प्रभारी रामजी भारती ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल आधार उसका सशक्त संगठन और समर्पित कार्यकर्ता हैं। आगामी नगरीय निकाय चुनावों में प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर तक सक्रिय होकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना होगा। संगठन की मजबूती ही चुनावी सफलता का आधार है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि राज्य सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। जनता का विश्वास भाजपा के साथ है और कार्यकर्ताओं की मेहनत तथा सरकार की उपलब्धियों के बल पर आगामी निगम चुनाव में भाजपा ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेगी।



## खबर संक्षेप



### 12 वर्षों की उपलब्धि को जन-जन तक पहुंचाने अभियान 21 तक

**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी जिला आर्थिक प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पखवाड़ा की शुरुआत की गई। अभियान 21 जून तक चलेगा। बैठक में प्रदेश संयोजक शिव चंद्राकर, अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, उपाध्यक्ष राजीव पांडे, आर्थिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक उदय शंकर त्रिपाठी, सहसंयोजक अजीत सिंह परिहार मौजूद थे। बैठक में जानकारी दी गई कि नगर के व्यापारी व उद्योगपतियों के लिए संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। इसके अलावा अन्य कार्यक्रम भी होंगे। बैठक में मोहन बड़े, विमलेश जैन, नामिषा सिंह, स्नेहलता साहू, अतुल जिंदल, गोपाल सिंह, नीलू सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### पृथ्वी बने कुर्मी क्षत्रिय महासभा युवा प्रकोष्ठ दुर्ग जिला महामंत्री



**दुर्ग।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मिलिंद चंद्राकर के मार्गदर्शन एवं दुर्ग जिला अध्यक्ष अभिषेक चंद्राकर की अनुशंसा पर पृथ्वी चंद्राकर को अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा युवा प्रकोष्ठ, दुर्ग जिला का महामंत्री नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के बाद समाज के पदाधिकारियों एवं युवाओं ने पृथ्वी चंद्राकर को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की है कि वे संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा समाज हित में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, सक्रियता एवं समाजसेवा को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### भाजपा जिला आईटी सेल की कार्यकारिणी घोषित, सौंपी गई जिम्मेदारी

**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी दुर्ग जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की अनुशंसा पर जिला आईटी सेल संयोजक जितेंद्र सिंह राजपूत ने जिला आईटी सेल की नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। घोषित कार्यकारिणी में सह संयोजक के रूप में उमेश गिरी गोस्वामी, जूही चंद्राकर और अनुपमा गोस्वामी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। ऑडियो-वीडियो कॉन्फ्रेंस प्रमुख के रूप में अंचल यादव तथा सह प्रमुख के रूप में आलोक दुबे को नियुक्त किया गया है। डाटा मैनेजमेंट आशुतोष यादव और तुषार अग्रवाल, संवाद प्रमुख चंदन साहू तथा धन्नू ठाकुर को नियुक्त किया गया है। कार्यालय प्रभारी आयुष दमाहे और नील कमल साहू को दायित्व सौंपा गया है। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में हरिश साहू और डी बालाजी को शामिल किया गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई हुए कहा कि वर्तमान समय में आईटी सेल संगठन की विचारधारा और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि आई.टी. सेल के कार्यकर्ता नवीन तकनीकों, डिजिटल प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया का सकारात्मक एवं प्रभावी उपयोग करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का कार्य करें।

# परामर्शदात्री समिति ने दिया योजनाओं को पूरा करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग





जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठककलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में हुई। कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न शासकीय विभागीय योजनाओं का विभागवार एवं बैंकवार समीक्षा की। उन्होंने समीक्षा के दौरान जिन विभागों की योजनाओं के प्रगति में कमी पायी गई उन्हें वित्तीय वर्ष में पूर्ण करने निर्देशित किया। साथ ही विभागों एवं बैंक के मध्य उचित समन्वय स्थापित कर दुर्ग जिले में चल रहे विभिन्न योजनाओं के लक्ष्य पूर्ति हेतु निर्देशित किया।

बैठक में बैंकों की सीडी रेशियों, प्राथमिकता क्षेत्र अंतर्गत दिए जाने वाले लोन, जनसुरक्षा योजना बीमा, पेंशन तथा विभिन्न विभागों के शासकीय योजनाओं की बैंकों में लंबित आवेदनों की विस्तृत चर्चा कर समीक्षा की गई, जिसमें चारों नगर निगम दुर्ग, भिलाई, रिसाली, भिलाई चरौदा के कमिश्नर की उपस्थिति में कलेक्टर द्वारा पीएम स्वनिधि योजना की बैंकवार समीक्षा करते हुए 15 जून तक सारे लंबित आवेदन को निराकृत कर पोर्टल में अपडेट करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना पीएम एफएमई, पीएम ईजीपी, खादी ग्रामोद्योग व पीएम अजय योजना अंत्यावसायी विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, मछली पालन, पशु पालन अंतर्गत बैंकों में लंबित आवेदनों की प्रगति व शिकायतों की समीक्षा की गई। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक रायपुर से एलडीओ सदानंद बास्की, जिला पंचायत मुख्यकार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक संजय गर्ग, नाबार्ड से अंशु गोयल, बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी निदेशक गुलशन कुमार, एफएलसी दुर्ग लेखराम ध्रुव, सीईओ अंत्यावसायी आदर्श साव, डीपीएम एनआरएलएम सागर पंसारी तथा बैंकों के जिला समन्वयक, शाखा प्रबंधक, विभागीय जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# वॉल पेंटिंग और जनसहभागिता से सुंदर बन रहा दुर्ग शहर : महापौर

**दुर्ग।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं आकर्षक बनाने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता एवं सौन्दर्याकरण कार्य लगातार किए जा रहे हैं। शहर के प्रमुख मार्गों, सार्वजनिक स्थलों एवं दीवारों पर आकर्षक वॉल पेंटिंग्स एवं स्वच्छता संदेशों के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। शहर की दीवारें अब स्वच्छता का संदेश देते हुए नई पहचान बना रही हैं। सार्वजनिक स्थानों एवं दीवारों पर थूकें नहीं, कचरा इधर-उधर न फैलाएं तथा स्वच्छता बनाए रखने में निगम प्रशासन का सहयोग करें। स्वच्छ और सुंदर शहर निर्माण में जनभागीदारी को सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए निगम लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है।दुर्ग की महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि स्वच्छ शहर जोड़ी पहल के अंतर्गत दुर्ग शहर स्वच्छता एवं सौन्दर्याकरण के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। शहर में किए जा रहे वॉल पेंटिंग, सफाई व्यवस्था, नागरिक सहभागिता एवं सिटीजन फीडबैक जैसे कार्यों का सकारात्मक प्रभाव दिखाई दे रहा है। निगम का उद्देश्य केवल सफाई करना नहीं, बल्कि नागरिकों में स्वच्छता के प्रति स्थायी जागरूकता विकसित करना भी है।

## दुर्ग शहर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों की रखी जा रही नींव

# सड़क, नाली, पुलिया एवं सीसी रोड निर्माण से नागरिकों को मिलेगी बेहतर सुविधा : बाघमार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से लगातार निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं, इसी क्रम में शनिवार शाम महापौर अलका बाघमार ने लोककर्म विभाग प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, शेखर चन्द्राकर, पार्षद विजयंत पटेल, ललित ढीमर, रंजीता पाटिल, उपअभियंता प्रेरणा दुबे तथा बड़ी संख्या में उपस्थित क्षेत्रवासियों के साथ विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया।

महापौर ने वार्ड क्रमांक 56 में आलोक साहू के घर से हेमलता ठाकुर के घर तक सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही बघेरा क्षेत्र में शैलेंद्र किराना स्टोर्स से धरम साहू के घर तक सड़क निर्माण तथा इंदिरा नगर में शिव मंदिर से गुधारी निर्मलकर के घर तक सड़क एवं आवश्यक आधारभूत संरचना निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर आरसीसी नाली, पुलिया एवं सीसी रोड निर्माण कार्यों का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को विकास की नई सौगात दी गई।इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 5 में महर्षि दयानंद स्कूल के पास एवं गया बाई स्कूल के पीछे नाली और सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। वहीं मरारपारा क्षेत्र में नंदराम साहू के घर से निशांत देवांगन चौक तक सीसी रोड, नाली एवं पुलिया निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी गई। इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने से आवागमन सुगम होगा, जल निकासी व्यवस्था में सुधार आएगा तथा क्षेत्र के नागरिकों को लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से राहत मिलेगी। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने कहा कि नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में संतुलित विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सड़क, नाली, पुलिया एवं अन्य जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है।

## महापौर ने तीन वार्डों में सड़क, नाली और पुलिया निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन



नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार शाम महापौर अलका बाघमार ने लोककर्म विभाग प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, शेखर चन्द्राकर, पार्षद आरएन वर्मा, गोविंद्र देवांगन, अजीत वैध, रंजीता पाटिल, ममता देवांगन तथा बड़ी संख्या में उपस्थित क्षेत्रवासियों के साथ विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। महापौर ने वार्ड 2 राजीव नगर में सड़क सीमेंटीकरण कार्य, वार्ड 12 मोहन नगर में पुलिया एवं नाली निर्माण कार्य तथा वार्ड 26 संतराबाड़ी में नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को विकास की सौगात दी। इन कार्यों के पूर्ण होने से नागरिकों को वर्षों से चली आ रही जलभराव, गंदे पानी की निकासी और आवागमन संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी।

इस दौरान महापौर अलका बाघमार ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य शहर के प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य कर नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि सड़क, नाली और पुलिया जैसी मूलभूत संरचनाएं किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती हैं। निगम प्रशासन नागरिकों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए लगातार विकास कार्यों को गति दे रहा है। महापौर ने अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप और समय-सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं ताकि आम जनता को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, निगम अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# रिस्पांस टाइम में लाए सुधार और ब्रीफिंग में पहुंचे आरक्षक और वाहन चालक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

डायल 112 वाहनों को हमेशा गतिशील रखने, सूचना मिलने पर तुरंत रवाना होने, निरंतर सुधार करने का निर्देश दिया है। कार्यक्रम में एसएसपी विजय अग्रवाल ने कहा है। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान अनुशासन, संवेदनशीलता और पूर्ण निष्ठा से काम करने, शराब सेवन कर ड्यूटी करने पर सख्त प्रतिबंध की हिदायत दी है। इसके अलावा फर्स्ट एड बॉक्स, फायर एक्सटिंगुइशर समेत आवश्यक सुरक्षा उपकरणों की नियमित जांच,मानसून अवधि में जन जागरूकता अभियान चलाने को कहा गया है। दधीची प्रशिक्षण हॉल पुलिस लाइन दुर्ग में कार्यक्रम आयोजित था। इस दौरान डायल-112 के वाहन चालक, आरक्षक पहुंचे थे। ब्रीफिंग में एसएसपी ने कहा कि डायल-112 की वाहने अनावश्यक रूप से थाना,ट्रैफिक शाखा में खड़ी न रहें। सभी कर्मियों को यह बताया गया कि वे जिला पुलिस के प्रतिनिधि हैं। आमजन को तुरंत एवं प्रभावी सहायता उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। मानसून सत्र को ध्यान में रखते हुए तालाब, नदी एवं अन्य जलाशयों में डूबने जैसी घटनाओं की रोकथाम के लिए नागरिकों को जागरूक करे। किसी भी आकस्मिक घटना की सूचना तुरंत थाना को उपलब्ध कराने को कहा गया है। डायल-112 की गतिविधियों एवं घटनाओं की नियमित मॉनिटरिंग कर रिपोर्ट पेश करने के लिए कर्मियों को निर्देश दिया। प्रशिक्षण में आरक्षक 65, वाहन चालक 52 पहुंचे थे।

- डायल-112 के कर्मी मौजूद रहे
- 65 आरक्षक और 52 वाहन चालकों भी थे

# हादसों का बोगदा : भारी वाहनों के गुजरने से हर समय दुर्घटना का खतरा, सुरक्षा उपाय नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

औद्योगिक ग्राम रसमड़ा में स्थित नेशनल हाइवे का गोबदा पुल इन दिनों राहगीरों के लिए हादसों का तिराहा बन गया है। पुल के नीचे बना तिराहा जहां से एक मार्ग रसमड़ा गांव के अंदर, दूसरा दुर्ग शहर और तीसरा गनियारी पहुंच मार्ग की ओर जाता है, वहां आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। रसमड़ा औद्योगिक क्षेत्र में बालाजी, टॉपवर्थ, क्रेस्ट, रायपुर स्टील पावर प्लांट, जेडी इस्पात समेत दर्जनों बड़ी कंपनियां संचालित हैं। इन कंपनियों में आने-जाने के लिए नेशनल हाइवे से सीधा व चौड़ा रास्ता उपलब्ध है। इसके बावजूद कंपनियों के भारी वाहन, ट्रक, ट्रेलर और डंपर शॉर्टकट के चक्कर में रसमड़ा गांव के भीतर से होकर गुजरते हैं। बोगदा पुल के नीचे सकरे तिराहे पर तेज रफ्तार भारी वाहनों के कारण पैदल यात्री, साइकिल व दुपहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि मौके पर सुरक्षा उपाय शून्य है। उन्होंने सुरक्षा की मांग की है। अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

- कंपनियों के वाहन रसमड़ा गांव के भीतर से गुजर रहे

## किसानों के लिए समितियों में प्रमाणित बीज की व्यवस्था

**दुर्ग।** आगामी खरीफ सीजन 2026 के मद्देनजर जिले के किसानों को उन्नत और गुणवत्तापूर्ण बीजों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए जिला प्रशासन और कृषि विभाग द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। कृषि बीज प्रक्रिया केंद्र में बीजों के वर्तमान स्टॉक और सहकारी समितियों में किए जा रहे भंडारण की प्रशासनिक समीक्षा के बाद जिले में बीजों की उपलब्धता की स्थिति स्पष्ट की गई है। जिले में खरीफ वर्ष 2026 के लिए कृषि विभाग की कुल 29,827 क्विंटल बीज की मांग के मुकाबले बीज प्रक्रिया केंद्र रूआबांधा में वर्तमान में 29,791 क्विंटल बीज उपलब्ध है। इसमें सबसे प्रमुख फसल धान के बीज की मांग 29,500 क्विंटल है। बीज प्रबंधक (रूआबांधा) एस.के. बेहरा से मिली जानकारी के अनुसार, गत वर्ष स्थानीय बीज उत्पादक किसानों द्वारा जिले की मांग के मुताबिक धान की लगभग सभी किस्मों का बेहतर उत्पादन किया गया है। इसके परिणामस्वरूप 10 वर्ष के भीतर की कम अवधि वाली प्रमुख किस्में जैसे एम.टी.यू. 1156, एम.टी.यू. 1153, विक्रम टी.सी.आर., एम.टी.यू.-1318 और छ.ग. देवभोग की कुल 1,590 क्विंटल मांग के विरुद्ध 1,868 क्विंटल बीज का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। वहीं 10 वर्ष से अधिक पुरानी किस्मों की 27,910 क्विंटल मांग के मुकाबले 26,668 क्विंटल (95 प्रतिशत) बीज भंडार में उपलब्ध करा दिया गया है।

## तालपुरी में पेय जल संकट, नहीं मिल रहा पानी

**भिलाई।** तालपुरी कॉलोनी में पेय जल संकट गहरा गया है। तालपुरी कॉलोनी में लगभग 1233 सामान्य तथा करीब 1800 ईडब्ल्यूएस श्रेणी के मकान हैं, लेकिन बड़ी संख्या में घरों तक नगर निगम का पानी नियमित रूप से नहीं पहुंच पाता। कई परिवारों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल रहा है, जबकि कुछ घरों में जल आपूर्ति पूरी तरह बाधित है। इसे लेकर तालपुरी बी ब्लॉक एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष यमलेश देवांगन ने कॉलोनी के निवासियों की ओर से पेयजल संकट और अव्यवस्थित जल आपूर्ति को लेकर प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर तत्काल समाधान की मांग की है।

# ग्राम माटरा को मिली 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

दुर्ग जिले के ग्राम माटरा में नवनिर्मित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र का शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव ने लोकार्पण किया। लगभग 2 करोड़ 38 लाख रुपये की लागत से तैयार यह उपकेंद्र क्षेत्र के 16 गांवों पेण्ड्रीतराई, कोकड़ी, हरदी, गोता, खजरी, ठेंगाभाठ, माटरा, दारगांव, बिरोदा, मोहलाई, मोहरेंगा, कंदई, टठिया, तारकोरी, दौराभाटा एवं छिराही के हजारों उपभोक्ताओं और किसानों के लिए वरदान साबित होगा। इस उपकेंद्र के शुरू होने से अब इन क्षेत्रों में कम वोल्टेज और बार-बार बिजली गुल होने की समस्या का स्थायी समाधान हो गया है, जिससे क्षेत्र में विकास की गति और तेज होगी। मुख्य अतिथि मंत्री गजेन्द्र यादव ने बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यक्षमता की सराहना करते हुए कहा कि मात्र छह महीने के रिकॉर्ड समय में भूमिपूजन से लेकर लोकार्पण तक का सफर पूरा करना विभाग की तत्परता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में खेती और सब्जी-भाजी के कार्य के लिए बोरवेल की संख्या अधिक होने के कारण बिजली का लोड लगातार बढ़ रहा था। अब इस नए उपकेंद्र के माध्यम से किसानों को कृषि कार्यों के लिए पर्याप्त और उच्च गुणवत्ता वाली निर्बाध बिजली उपलब्ध हो सकेगी, जिससे फसलों की पैदावार में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार आने वाले समय में दारगांव में सोलर पैनल लगाने की योजना पर काम कर रही है, ताकि बिजली की उपलब्धता और बेहतर हो सके।

प्रथम पुण्यस्मरण



सुकमा कोंटा में शहीद हुए एवं मातृभूमि के लिये
सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक
अमर शहीद आकाश राव गिरेपूंजे जी
स्वर्गलोक गमनः 9.6.2025
को शत्-शत् नमन एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि

श्रद्धांजलि कार्यक्रम - दिनांक 9 जून 2026
सुबह 11:00 बजे से 4:00 तक लाखे नगर चौक, रायपुर

- श्रद्धानवत् -
श्रीमती गीता मंदा गोविंद राव गिरेपूंजे (माता-पिता), श्रीमती स्नेहा आकाश राव गिरेपूंजे (पत्नी), सिद्धांत, नव्या (पुत्र-पुत्री), आदर्श गिरेपूंजे (भाई), श्रीमती रश्मि कमलाकर राव गिरेपूंजे, श्रीमती प्रेमलता बसंत गिरेपूंजे, श्रीमती सुनीता नरेंद्र राव गिरेपुजे (चाची-चाचा), श्रीमती खेमलता मैहरकुरे, श्रीमती रेखा गणेश ठोंबरे, श्रीमती अनीता उमेश मलेवार, (बुवा)
एवं समस्त गिरेपूंजे परिवार

- मित्र गण -
सुखनंदन राठौर सर, अविनाश सर, राहुल देव शर्मा सर, कीर्तन राठौर सर, तारकेश्वर पटेल सर, पोर्ते सर, प्रशांत शुक्ला सर, विवेक शुक्ला सर, अमर सिदार सर, अभिषेक अग्रवाल सर

MAHESHWARI

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### लाटा में आज लगेगा समाधान शिविर

**बेमेतरा।** सुशासन तिहार-2026 के अंतर्गत विकासखंड बेरला के ग्राम पंचायत लाटा में मंगलवार 09 जून को समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। पंचायत भवन लाटा में आयोजित होने वाले इस शिविर में क्षेत्र की 20 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करने के साथ-साथ विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी एवं लाभ प्रदान किया जाएगा। प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार लाटा क्लस्टर के अंतर्गत ग्राम पंचायत खुड़मुड़ी, कंडरका, ढाबा, बेरलकला, भालेसर, लाटा, उफरा, हरदी, सरदा, भटगांव, बावनलाख, अतरगढ़ी, कुरूद, रांका, रवेली, तिवरैया, कठिया, खम्हरिया, टेमरी एवं किरीतपुर के ग्रामीण इस शिविर में शामिल हो सकेंगे। शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त आवेदनों का यथासंभव मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। साथ ही पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत लाभान्वित करने की भी व्यवस्था की गई है। शिविर में जिला एवं विकासखंड स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोग योजनाओं का लाभ उठा सकें।

### जरूरतमंद परिवारों के दुःख में सहभागी बन रहीं सरपंच

**सेलूद।** ग्राम पंचायत देवादा की सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा द्वारा जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए सराहनीय पहल लगातार जारी है। इस पहल के तहत संबंधित परिवार को 5 हजार रुपये नगद एवं एक कट्टा चावल सहायता स्वरूप दिया जाता है। इसी क्रम में ग्राम देवादा निवासी स्वर्गीय बद्री प्रसाद के निधन के पश्चात आयोजित दशगात्र कार्यक्रम में सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा शामिल हुईं। इस अवसर पर राजकुमार वर्मा, विष्णु प्रसाद वर्मा, महेश कुमार वर्मा, खेमलाल वर्मा, रमेश वर्मा, यशवंत भागवत, कोमल वर्मा, मनोज वर्मा, राजू लाल वर्मा, जितेन वर्मा सहित ग्राम के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### जन्मदिन पर लगाए आम के पौधे

**सेलूद।** खबरनामा ग्रुप पाटन विधानसभा के अभिनव पहल के अंतर्गत खबरनामा ग्रुप के सम्मानित सदस्य कीर्तन देवाँगन के जन्मदिन के अवसर पर धान खरीदी केंद्र सेलूद में आम के पौधे का रोपण किया गया ।
इस अवसर पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के पुर्व अध्यक्ष जवाहर वर्मा, सरपंच खिलेश , देव ठाकुर सुरेन्द्र शर्मा, अजय सिंह, रवि पटेल, बलराम वर्मा, झम्मन यदु, भुपेश देवाँगन, होमेश यदु, सफराज, योगेश चंदेल और पंच चंद्रिका उपस्थित थे।

### कुम्हारी महिला मोर्चा मंडल कार्यसमिति की घोषणा

**कुम्हारी।** भारतीय जनता पार्टी, दुर्ग संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही व जिला प्रभारी नंदन जैन एवं महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के निर्देशानुरूप भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक एवं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष तृप्ति चन्द्राकर की सहमति तथा मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिन्हा की अनुशंसा पर जूली सिंह ने महिला मोर्चा मंडल की कार्यसमिति की घोषणा की है। जिसमें उपाध्यक्ष साधना स्वर्णकार, राधा ठाकरे, शकुन खैरवार, प्रभा बंजारे महामंत्री स्वर्णलता साहू, तृप्ति शुक्ला, मंत्री प्रीति ध्रुव, संगीता गेंद्रे, वीणा वर्मा, पूर्णिमा बाई मारकंडे, कोषाध्यक्ष जी जयालक्ष्मी राव, सह कोषाध्यक्ष कोमल दुबे, कार्यालय मंत्री नीलम बंजारे, सह कार्यालय मंत्री बबीता शर्मा, मीडिया प्रभारी पिंकी सील, सह-मीडिया प्रभारी सुनीता मंडावी, सोशल मीडिया प्रभारी नीतू पाल, सह-सोशल मीडिया शैला वर्मा, आई टी सेल प्रभारी तरूणी साहू, सह-आई टी सेल प्रभारी शैल देवांगन, मन की बात प्रभारी गीतांजली गोस्वामी एवं मन की बात सह प्रभारी गंगा मढ़रिया शामिल हैं। स्थायी आमंत्रित सदस्यों में सरोज पाण्डेय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा, तृप्ति चन्द्राकर जिला अध्यक्ष, महिला मोर्चा, दुर्ग शामिल है।

## आयोजन : विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को दिए सफल करियर निर्माण के मंत्र

# लक्ष्य कैरियर गाइडेंस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में 160 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोधी क्षत्रिय एम्पलाइज एंड इंटेलेक्चुअल एसोसिएशन की जिला इकाई द्वारा समाधान महाविद्यालय, बेमेतरा में आयोजित "लक्ष्य कैरियर गाइडेंस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह-2026" में शिक्षा, प्रतिभा और सामाजिक उत्कृष्टता का भव्य संगम देखने को मिला। समारोह में जिले भर के 160 मेधावी विद्यार्थियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 30 प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। मंचासीन अतिथियों का स्वागत लक्ष्य जिला इकाई के पदाधिकारियों, समाजसेवियों, गणमान्य नागरिकों तथा समाधान महाविद्यालय के डायरेक्टर अविनाश तिवारी द्वारा किया गया।

जिला अध्यक्ष डॉ. अवधेश पटेल ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को चरित्र निर्माण के दस संकल्प तथा समाज के विकास के लिए दस सामाजिक संकल्प दिलाए। वहीं लक्ष्य छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष चैन दास जंघेल ने संगठन के उद्देश्यों, कार्यों एवं उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को करियर संबंधी मार्गदर्शन प्रदान करना तथा समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित कर नई पीढ़ी को प्रेरित करना था। समारोह में वर्ष 2026 की कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 160 विद्यार्थियों को अतिथियों एवं समाज के दानदाताओं के हाथों गोल्ड मेडल, मोमेंटो और प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही नवोदय विद्यालय में चयनित समाज के 9 विद्यार्थियों तथा शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 4 सेवानिवृत्त शिक्षकों का भी सम्मान किया गया।




### पौधारोपण और विशेष सम्मान

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से करियर संबंधी प्रश्न पूछे, जिनका विस्तार से समाधान किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक हरीश कुमार पटेल ने किया तथा आभार प्रदर्शन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गुमानपुर, खैरागढ़ के सहायक शिक्षक एवं नवोदय गुरु गुना राम चंदेल ने किया। समारोह में कमलेश कुमार वर्मा, चुरावन सिंह बघेल, नरेश बघेल, भोलाराम वर्मा, संतोष कुमार राजपूत, जीवराखन वर्मा, भीम कुमार बघेल, सुरेंद्र पटेल, कुंभ लाल वर्मा, हिमाचल वर्मा, रमेश कुमार, डोगेंद्र कुमार वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, शेर सिंह राजपूत, अमृत कुमार जंघेल सहित समाज के अनेक पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

### विभिन्न क्षेत्रों के उत्कृष्ट व्यक्तित्वों का अभिनंदन

कार्यक्रम में कृषि, शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग, समाजसेवा, पत्रकारिता, अधिवक्ता, राजनीति, सेना, प्रोफेसर, कोचिंग संचालक, नव नियुक्त एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में समाज का नाम रोशन करने वाले 26 विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित प्रबुद्ध अतिथियों को लक्ष्य फाउंडेशन की ओर से प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### बड़े सपने देखें और लक्ष्य की दिशा में लगातार आगे बढ़ें : रूपेश वर्मा

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित आईआईटीयन एवं आईसीआईसीआई बैंक मुंबई के चीफ मैनेजर रूपेश वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए बड़े सपने देखना, सही दिशा में समय पर प्रयास करना और निरंतरता बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने नीट एवं जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, उपलब्ध अवसरों और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी केवल करियर निर्माण ही नहीं करती, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन, तार्किक सोच और समस्या समाधान जैसी क्षमताओं का भी विकास करती है, जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की आधारशिला बनती हैं।

शिक्षा को प्राथमिकता देने का आह्वान किया । भव्य सृष्टि उद्योग के संस्थापक गणेश वर्मा ने पर्यावरण संरक्षण एवं स्वरोजगार की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए बांस से निर्मित उत्पादों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऐसे उत्पाद पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करते हैं। खैरागढ़ के पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने विद्यार्थियों को चिंता मुक्त होकर आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने का संदेश दिया। वहीं भिलाई-दुर्ग की पूर्व महापौर नीता लोधी ने समाज से कुरीतियों को दूर कर बच्चों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। कबीरधाम के जिला शिक्षा अधिकारी एफ.आर. वर्मा ने विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों पर बधाई देते हुए कहा कि कक्षा दसवीं के बाद विषय चयन अपनी रुचि और क्षमता के अनुरूप करना चाहिए। वहीं बारहवीं के विद्यार्थियों को उचित करियर मार्गदर्शन लेकर अपने लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ने की सलाह दी। लक्ष्य फाउंडेशन के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री पूरन सिंह पटेल ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति में संस्कार, गुणवत्ता और सामाजिक जागरूकता का विकास करती है।

## पड़ोसी जिले कवर्धा के ग्रामीणों का बेमेतरा कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क को जेसीबी से क्षतिग्रस्त करने का आरोप
- सैकड़ों ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में पहुंचकर सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में उस समय भारी आक्रोश और हंगामे का माहौल देखने को मिला, जब पड़ोसी जिले कवर्धा के पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कहरी के सैकड़ों ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरकर बेमेतरा कलेक्ट्रेट पहुंचे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बेमेतरा जिले की साजा तहसील अंतर्गत ग्राम तेंदो निवासी कृपा साहू द्वारा जेसीबी मशीन से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क टूट जाने से क्षेत्र में आवागमन गंभीर रूप से प्रभावित हो गया है और लोगों को रोजमर्रा के कार्यों के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने उस डंपर का नंबर भी प्रशासन को उपलब्ध कराया है, जिसके माध्यम से सड़क को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी हजारी निषाद और सुरेंद्र निषाद द्वारा सड़क को क्षतिग्रस्त किए जाने की शिकायत स्थानीय प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्राम कहरी के निवासी खड़कनंद चंद्राकर सहित अन्य ग्रामीणों ने पंडरिया विधायक भावना बोहरा पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव के दौरान उन्होंने गांव में आकर सड़क निर्माण कराने का वादा किया था। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव जीतने के बाद विधायक ने गांव का दौरा तक नहीं किया और सड़क की मरम्मत अथवा मुरुम डालने जैसी कोई पहल भी नहीं हुई।

इस कथित वादाखिलाफी को लेकर ग्रामीणों में अपनी क्षेत्रीय विधायक के प्रति नाराजगी देखी गई। ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और सड़क को क्षतिग्रस्त करने के आरोपियों के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई करने तथा सड़क का शीघ्र मरम्मत कार्य कराने की मांग की। बेमेतरा कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने कहा कि ग्राम कहरी के ग्रामीणों द्वारा शिकायत प्रस्तुत की गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम को मौके पर निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए

### उत्कृष्ट शिक्षा के लिए प्रभारी प्राचार्य वर्मा राज्यपाल के हाथों सम्मानित

**सेलूद।** शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान और उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रबंधन के लिए शासकीय हायर सेंकडरी स्कुल टेकारी के प्रभारी प्राचार्य ज्योति रानी वर्मा को राज्यपाल रेमन डेका द्वारा सम्मानित किया गया। लोकभवन में आयोजित समारोह में उन्हें 'उत्कृष्ट शिक्षा पुरस्कार' से नवाजा गया। यह पुरस्कार शिक्षण व्यवस्था में नवीन प्रयोगों, डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने और ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए अथक प्रयासों के लिए दिया गया। समारोह

## श्रीमद्भागवत कथा में सृष्टि रचना और ध्रुव भक्ति प्रसंग का हुआ वर्णन





**साजा।** आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचक ने भगवान की इच्छा से ब्रह्मांड की रचना, ब्रह्मा द्वारा सृष्टि विस्तार तथा विदुर-मैत्रेय संवाद का वर्णन किया। कथा में जीवन, आत्मा, भक्ति और सृष्टि के रहस्यों पर प्रकाश डाला गया।

इस दौरान भगवान कपिल द्वारा माता देवहूति को दिए गए सांख्य ज्ञान और भक्ति योग के उपदेश का भी श्रवण कराया गया। वहीं बालक ध्रुव की अटूट भक्ति, कठोर तपस्या और भगवान के दर्शन की प्रेरणादायक कथा ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

कथावाचक ने कहा कि दृढ़ श्रद्धा, सच्ची भक्ति और भगवान के स्मरण से जीवन के सभी कष्ट दूर हो सकते हैं। ध्रुव की कथा हमें विपरीत परिस्थितियों में भी अडिग रहकर ईश्वर भक्ति करने की प्रेरणा देती है, जिससे व्यक्ति को सफलता और भगवान की कृपा प्राप्त होती है।

## राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति का छत्तीसगढ़ प्रवास



**बेमेतरा।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के एक दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान राज्य अतिथि गृह पहुना में उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री एवं सरगुजा संभाग प्रभारी होरीलाल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर साध्वी निरंजन ज्योति का स्वागत करते हुए उनके नेतृत्व और पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस दौरान विभिन्न सामाजिक, संगठनात्मक एवं जनहित के मुद्दों पर भी चर्चा हुई। साध्वी निरंजन ज्योति के प्रवास को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ओबीसी समाज के प्रतिनिधियों में उत्साह का माहौल बना रहा। उनके आगमन पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनका अभिनंदन कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर भाजपा एवं ओबीसी मोर्चा से जुड़े कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## नगर के मूल्लू चौक में रोजाना लगता है जाम, यातायात हो रहा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

- सुबह-शाम भारी वाहनो के फंसने से नागरीक होते है परेशान

नगर का व्यस्ततम चौराहा मूल्लू चौक इन दिनों ट्रैफिक जाम की वजह से लोगों की परेशानी का सबब बन गया है। सुबह 8 से 10 बजे और शाम 4 से 7 बजे के बीच यहां वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। 10 मिनट का रास्ता तय करने में 30-40 मिनट लग रहे हैं। नतीजन आवश्यक काम हास्पीटल,स्कूल कॉलेज तथा सरकारी दफ्तर जाने वाले कर्मचारी और मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।आसपास लगे ठेले व खोमचो तथा दुकानो मे अव्यवस्थित खडी दोपहिया व चारपहिया वाहनो के वजह से ही रोजाना जॉम की स्थिति बनती है।अब मुल्लू चौक व जयस्तंभ चौक दोनो जगहो पर यातायात व्यवस्था सुधारने पुलिस तैनाती आवश्यक हो गया है।नगर मे नाबालिग बच्चो द्वारा तेज गति से वाहन चलाने तथा ट्राफिक नियमो का पालन नही करने से भी नगर के जय स्तंभ चौक,बजरंग चौक तथा गुडियारी लाईन जैसे स्थानो पर जॉम की गंभीर स्थिति बनती है।नगर के मुख्य मार्ग मे भारी वाहनो के लोडिंग अनलोडिंग,सडक पर खडी कार, मोटरसाइकिल तथा सडक तक निकली टीन टप्पर से नगर मे




रोजाना यातायात प्रभावित होने से क्षेत्रवासी परेशान है। स्थानीय लोगों और दुकानदारों के अनुसार जॉम के मुख्य कारण नगर के त्रिमूर्ति चौक से मुल्लू चौक तक चारों तरफ ठेले,सब्जी-फल के दुकानदारों ने सड़क का आधा हिस्सा घेर रखा है जिससे आवागमन बाधित हो रहा है।नगर मे अव्यवस्थित पार्किंग बैंक, मार्केट,हार्डवेयर,कृषि केन्द्र तथा किराना स्टोर के सामने ग्राहक बेतरतीब गाड़ी खड़ी कर देते हैं वही चौक पहले से ही तंग है, ऊपर से पार्किंग से एक लेन पूरी ब्लॉक हो जाती है। यातायात व्यवस्था सुधारने मूल्लू चौक व जयस्तंभ चौक पर ट्रैफिक सिग्नल धगाने की जरूरत है।नगर के हृदय स्थल जय स्तंभ चौक के आसपास के फूटकर चना मूर्रा,समोसा,मोमोस,भेल तथा चाऊमीन जैसे दुकानो को व्यवस्थित कर चौनाटी बनाई गयी है फिर आज जय स्तंभ चौक वन-वे है जिस पर सुधार की आवश्यकता है।

### यात्री व स्कूल बसो का परिसंचलन बायपास हो

थान खम्हरिया से सुबह-शाम कवर्धा, दुर्ग, बिलासपुर, रायपुर, राजनांदगांव जैसे स्थानो के लिए प्रतिदिन दो दर्जन से भी अधिक यात्री बसो का परिसंचलन होता है जो नगर के बीङभाङ वाले मूख्य मार्ग से होकर गुजरती है जिससे यातायात काफी हद तक प्रबावित होता है,इन वाहनो का परिसंचलन नगर के बाहर स्थित बायपास से होता है तो यातायात का दाब निश्चित तौर पर कम होगा।इधर छोटे से लेकर बडी वाहनो से किराना,गल्ला व फर्टिलाइजर्स के सामानो का भी लोडिंग अनलोडिंग तथा निर्माण सामाग्रीयो के बिखराव ने भी नगर की खूबसूरती व यातायात को बदहाल कर दिया है। इन व्यवस्थाओ को सुधारने प्रशासनीक कसौटी जरूरी है जिससे नागरीको को यातायात जैसी समस्या से छुटकारा मिल सके।

## टूटा हुआ सूचक बोर्ड सुधारकर फिर से स्थापित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

चंदखुरी-पीछेगांव फोर लेन मार्ग पर वाहन की टक्कर से क्षतिग्रस्त हुए सूचक बोर्ड को लेकर प्रकाशित समाचार का असर देखने को मिला। खबर प्रकाशित होने के बाद संबंधित विभाग ने मामले पर संज्ञान लेते हुए टूटे हुए सूचक बोर्ड की मरम्मत कर उसे पुनः स्थापित कर दिया है।

सूचक बोर्ड क्षतिग्रस्त होने के कारण मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों एवं राहगीरों को दिशा संबंधी जानकारी प्राप्त करने में कठिनाई हो रही थी। समाचार प्रकाशित होने के बाद विभाग द्वारा आवश्यक कार्रवाई करते हुए बोर्ड को सुधारकर दोबारा लगाया गया, जिससे मार्ग पर सूचना व्यवस्था फिर से सुचारू हो गई है।

इस कार्य में सब इंजीनियर आर.के. राव एवं एसडीओ सोनल धलेंद्र की पहल से त्वरित कार्रवाई की गई। सूचक बोर्ड के पुनः स्थापित होने से वाहन चालकों को आवागमन में सुविधा मिल रही है तथा मार्ग संबंधी जानकारी आसानी से उपलब्ध हो रही है।

## ब्राह्मण समाज के प्रदेश सचिव बने विकास धर दीवान, राकेश एवं विनोद बने जिला उपाध्यक्ष

# सर्व ब्राह्मण समाज की नई कार्यकारिणी में नवागढ़ क्षेत्र को मिला व्यापक प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

सर्व ब्राह्मण समाज की नई संगठनात्मक नियुक्तियों में इस बार नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र की दमदार मौजूदगी देखने को मिली है। प्रदेश से लेकर जिला और संभाग स्तर तक क्षेत्र के अनेक विप्र बंधुओं को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जाने से समाजजनों में उत्साह का माहौल है। एक साथ बड़ी संख्या में नवागढ़ क्षेत्र के प्रतिनिधियों को संगठन में स्थान मिलने को समाज की सक्रियता और मजबूत भागीदारी का प्रमाण माना जा रहा है।

सबसे अधिक चर्चा विकास धर दीवान को प्रदेश सचिव बनाए जाने की है। प्रदेश स्तर पर मिली इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को न केवल विकास धर दीवान बल्कि पूरे नवागढ़ क्षेत्र के लिए सम्मान और गौरव की उपलब्धि माना जा रहा है। समाज के वरिष्ठजनों का कहना है कि वर्षों से सामाजिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले विकास धर दीवान को प्रदेश स्तर की



जिम्मेदारी मिलना उनकी कार्यशैली और समाज के प्रति समर्पण का परिणाम है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा की सहमति से जिलाध्यक्ष शिरीष शर्मा द्वारा घोषित नई कार्यकारिणी में नवागढ़ क्षेत्र को व्यापक प्रतिनिधित्व दिया गया है। घोषित सूची के अनुसार विकास धर दीवान को प्रदेश सचिव, राकेश तिवारी एवं विनोद तिवारी को जिला उपाध्यक्ष, जितेंद्र तिवारी को जिला महासचिव तथा अजय तिवारी एवं अनिल त्रिपाठी को दुर्ग संभाग सचिव नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार दीपक तिवारी, शिवम तिवारी एवं राजेश धर दीवान को जिला सचिव का दायित्व सौंपा गया है। वहीं सुदीप शर्मा को जिला संगठन सचिव, कृपाशंकर त्रिपाठी एवं अभिषेक पाठक को जिला प्रचार सचिव तथा सृजन दीवान को दुर्ग संभाग सह सचिव बनाया गया है।

प्रदेश सचिव नियुक्त होने पर विकास धर दीवान ने कहा कि यह दायित्व उनके लिए सम्मान के साथ-साथ समाज के प्रति जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि नवागढ़ विधानसभा में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, समाज के सभी वर्गों को जोड़ने तथा सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

राकेश तिवारी ने कहा कि समाज की एकता और संगठन विस्तार के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। जितेंद्र तिवारी ने कहा कि गांव-गांव तक संगठन की पहुंच बढ़ाने और समाज के लोगों को जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अजय तिवारी ने संभाग स्तर पर समाज की गतिविधियों को मजबूत करने का संकल्प व्यक्त किया, जबकि दीपक तिवारी ने समाजहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही।

नियुक्तियों की घोषणा के बाद नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में बधाइयों का दौर शुरू हो गया। समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया है। बंशीधर दीवान, रितेश शर्मा, रितेश तिवारी, राजेंद्र मिश्रा, रोशन धर दीवान, रितेश मिश्रा, दीपक चौबे, प्रफुल्ल तिवारी, दुर्गेश शर्मा, दिव्यम शुक्ला, राजकुमार मिश्रा, डॉ. तोषण दुबे, पूर्णानंद तिवारी, प्रणय दीवान, देवेंद्र शर्मा, दीपक मिश्रा, शरद दीवान, श्रवण चौबे, सिद्धांत तिवारी, अभिषेक दीवान, कान्हा तिवारी, अभिजीत पाठक, केके मिश्रा, शिवनारायण पाठक, कमलेश दीवान, रूपेश दीवान, सुंदरम पाठक, राघवेन्द्र झा, अजय मिश्रा, शिवशंकर तिवारी, देवनारायण शर्मा, राजेंद्र तिवारी, दीपक पांडे, संजय शर्मा, विजय मिश्रा, राजेश पांडे, संतोष शर्मा, मौसम तिवारी, जयद्रथ पाण्डेय, प्रमोद पांडे, विष्णु प्रसाद मिश्र, योगेश शर्मा, निखिल पाण्डेय, शिवकुमार तिवारी, कृष्णा तिवारी, शिवम पाठक, गणेश शर्मा, सतीश शर्मा, रवि दीवान, ध्रुव शर्मा, अनुपम दीवान, जितेंद्र उपाध्याय, सोनू मिश्रा, सुरेश तिवारी, सुरेश चौबे, नन्दकिशोर पांडे, सौरभ कौशल, आकाश दीवान, संतोष शुक्ला, अथर्व शर्मा, अजय शर्मा, हरीश अवस्थी, देवेंद्र तिवारी, आशुतोष तिवारी, बिहारी मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, दानी पांडे एवं रामानुज शर्मा सहित बड़ी संख्या में विप्र बंधुओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।